प्रेषक,

शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
समस्त जनपद उत्तर प्रदेश।

पत्रांकः शि0नि0(बे0)/ 5861७-865 /2024–25, दिनांकः 27/2/ , 2025

विषयः– उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 में वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित कक्षा 01 से 08 तक परिषदीय/मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024–25 की वार्षिक परीक्षा निम्नवत समय सारिणी एंव दिये गये निर्देश के अनुसार पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण तरीके से कराया जायेगा।

दिनांक	24.03.2025		25.03.2025		26.03.2025		27.03.2025		28.03.2025	
कक्षा	प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक	द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 से 2:30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक	द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 से 2:30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक	द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 से 2:30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक	द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 से 2:30 तक	प्रथम पाली प्रातः 9:30 से 11:30 तक	द्वितीय पाली अपराह्न 12:30 से 2:30 तक
1	–	–	–	–	–	–	–	–	मौखिक परीक्षा	
2	गणित	–	–	अंग्रेजी	हिन्दी	–	–	–	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा	
3	गणित	संस्कृत/उर्दू	हिन्दी	अंग्रेजी	सामाजिक विषय	कला/संगीत	कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा	–	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा	
4	हिन्दी	संस्कृत/उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला/संगीत	कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा	–	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा	
5	हिन्दी	संस्कृत/उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला/संगीत	कार्यानुभव/नैतिक शिक्षा	–	सभी विषयों की मौखिक परीक्षा	
6	हिन्दी	संस्कृत/उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला/संगीत	विज्ञान	पर्यावरण अध्ययन	बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0 कला/कृषि/गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग
7	विज्ञान	संस्कृत/उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला/संगीत	हिन्दी	पर्यावरण अध्ययन	बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0 कला/कृषि/गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग
8	विज्ञान	संस्कृत/उर्दू	सामाजिक विषय	अंग्रेजी	गणित	कला/संगीत	हिन्दी	पर्यावरण अध्ययन	बेसिक क्राफ्ट/सम्ब0 कला/कृषि/गृह शिल्प	खेल एवं शारीरिक शिक्षा/स्काउटिंग

दिशा–निर्देश

2– शैक्षिक सत्र 2024–25 की वार्षिक परीक्षा के लिये मॉडल प्रश्न पत्र (लिखित एवं मौखिक प्रश्नोत्तरी) का निर्माण जनपद स्तर पर सम्बन्धित जनपद के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा तैयार कराते हुए ससमय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।

3— जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्नपत्रों का ससमय मुद्रण कराकर विद्यालय स्तर पर वितरण सुनिश्चित कराया जायेगा।

4— खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रश्न पत्रों का विद्यालय स्तर पर वितरण दिनांक 22.03.2025 तक प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

5— शैक्षिक सत्र 2024—25 में कक्षा 01 की वार्षिक परीक्षा मौखिक होगी।

6— शैक्षिक सत्र 2024—25 में कक्षा 02 से कक्षा 05 तक की वार्षिक परीक्षा लिखित एवं मौखिक परीक्षा होगी। कक्षा 02 एवं कक्षा 03 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार 50—50 प्रतिशत तथा कक्षा 04 एवं कक्षा 05 में लिखित एवं मौखिक परीक्षा का अधिभार क्रमशः 70 प्रतिशत और 30 प्रतिशत रखा जायेगा।

7— कक्षा 06 से 08 की वार्षिक परीक्षा लिखित होगी।

8— शैक्षिक सत्र 2024—25 में लिखित वार्षिक परीक्षा 50 अंको की होगी, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न, अति लघु उत्तरीय, लघु उत्तरीय, दीर्घ उत्तरीय प्रश्न सम्मिलित होंगे।

9— प्रश्न पत्र को 50 अंको में विभाजित किया जायेगा, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 10X01 अंक), अति लघु उत्तरीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 10X01 अंक), लघु उत्तरीय प्रश्न 20 अंक (कुल प्रश्न 04X05 अंक) एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 10 अंक (कुल प्रश्न 02X05 अंक) के होंगे।

10— कक्षा 02 एवं कक्षा 03 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 10 शब्द), दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 20 शब्द), कक्षा 04 एवं 05 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 25 शब्द), दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 40 शब्द) तथा कक्षा 06 से 08 में अति लघु उत्तरीय (01 शब्द), लघु उत्तरीय (अधिकतम 35 शब्द), दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (अधिकतम 75 शब्द) के होंगे।

11— शैक्षिक सत्र 2024—25 की वार्षिक परीक्षा में लिखित परीक्षा की अवधि 02 घण्टे होगी तथा मौखिक परीक्षा की समयावधि प्रधानाध्यापक द्वारा आवश्यकतानुसार निर्धारित की जायेगी।

12— प्रश्न पत्र की छपाई अधिकतम एक पेपर के दोनो तरफ की जायेगी। प्रश्न पत्रों की पैकिंग ब्लॉकवार की जाएगी तथा आपूर्ति जनपद स्तर पर प्राप्त की जाएगी।

13— कक्षा 01, कक्षा 02, कक्षा 03, कक्षा 04, कक्षा 06 एवं कक्षा 07 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विद्यालय में विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया जायेगा।

14— कक्षा 05 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन संकुल (न्याय पंचायत) स्तर पर कराया जायेगा। मूल्यांकन का कार्य संकुल (न्याय पंचायत) के अन्तर्गत स्थित अन्य विद्यालय के अध्यापकों से कराया जायेगा।

15— कक्षा 08 की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन विकास खण्ड स्तर पर कराया जायेगा। मूल्यांकन का कार्य विकास खण्ड के अन्तर्गत स्थित अन्य संकुल (न्याय पंचायत) के अध्यापकों से कराया जायेगा।

16— मूल्यांकन का कार्य परीक्षा के साथ—साथ ही किया जायेगा तथा मूल्यांकन के उपरान्त परीक्षाफल घोषित किया जायेगा जिसमें विषयवार अंक अंकित करते हुए परीक्षाफल तैयार किया जायेगा। परीक्षाफल के आधार पर रिपोर्ट कार्ड बना कर छात्र—छात्राओं को दिनांक 29.03.2025 को वितरित किया जायेगा।

17— वार्षिक परीक्षा एवं मूल्यांकन से सम्बन्धित अभिलेख प्रश्नपत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं का प्राप्ति रजिस्टर/वितरण एवं अन्य सभी आवश्यक अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जायेंगे।

18— वार्षिक परीक्षाफल घोषित करने के दिवस को छात्र अभिभावक के साथ बैठक आयोजित की जायेगी तथा छात्र—छात्राओं की मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र—छात्राओ एवं अभिभावक को दिखाया जायेगा तथा उसी समय रिजल्ट कार्ड भी छात्र छात्राओं को दिया जायेगा।

19— शासनादेश संख्या 529/79—6—2015 शिक्षा अनुभाग—6 लखनऊ दिनांक 26.06.2015 एवं शासनादेश संख्या—124/79—6—2016 दिनांक 02.02.2016 में दी गयी व्यवस्थानुसार परीक्षा सकुशल सम्पादित करायी जायेगी।

शैक्षिक सत्र 2024–25 की वार्षिक परीक्षा का पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय स्तर पर सम्बन्धित प्रधानाध्यापक, विकास खण्ड स्तर पर सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद स्तर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का होगा। परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता के लिये सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उत्तरदायी होंगे।

कृपया उपरोक्तानुसार समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत शुचितापूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(प्रताप सिंह बघेल)
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश।

पृ0सं0: शि0नि0(बे0)/ 5861-865 /2024–25 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. विशेष सचिव, बेसिक शिक्षा अनुभाग–3/5, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उ0प्र0, लखनऊ।
3. सचिव, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
4. वित्त नियंत्रक, बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज।
5. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक(बेसिक), उत्तर प्रदेश।
6. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, समस्त जनपद, उ0प्र0।
7. समस्त वित्त एवं लेखाधिकारी, बेसिक शिक्षा, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश।

(प्रताप सिंह बघेल)
शिक्षा निदेशक(बेसिक)
उत्तर प्रदेश।